REET 2025 LEVEL-1 & 2

वंदन बैच

हिंदी

भाषा कौशल

Part -2

LIVE 07-01-2025 11:00 AM

भाषा कौशल का महत्व :-

* व्यक्तियों के बीच प्रभावी संवाद (बात-चीत) स्थापित करता है।
* शैक्षणिक, सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सहायक है।
* सोचने, समझने और विश्लेषण की क्षमता को विकसित करता है।
* रचनात्मकता और आत्म अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करता है।

सभी कौशलों का आपसी संबंध

- सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। सुनने और पढ़ने से जानकारी प्राप्त होती है, जबकि बोलने और लिखने से व्यक्ति उस जानकारी को व्यक्त करता है। सभी कौशलों का संतुलित विकास किसी भी भाषा को प्रभावी रूप से सीखने के लिए आवश्यक है।
- **निष्कर्ष-** भाषा कौशल जीवन में संचार के हर पहलू में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन कौशलों का अभ्यास और विकास भाषा में दक्षता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

निपुण

भाषा कौशल

- ग्रहणात्मक कौशल
  - सुनना (श्रवण)
  - पढ़ना (पठन)
- अभिव्यक्तात्मक कौशल
  - बोलना (वाचन)
  - लिखना (लेखन)

REET 2025 L-1&2 हिंदी भाषा कौशल

इन कौशलों को सुधारने के तरीके-



1. श्रवण कौशल के लिए-

सुनना

- ऑडियो क्लिप्स या कहानियां सुनाना।
- बोलचाल के अभ्यास के लिए गतिविधियां कराना।

2. मौखिक कौशल के लिए-

बोलकर व्यक्त करना

- चर्चा और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित करना।
- छात्रों को कहानियां सुनाने या भाषण देने के लिए प्रेरित करना।

3. पठन कौशल के लिए-

- पुस्तकें और समाचार पढ़ने की आदत डालना।
- गद्यांश और कविताओं का अभ्यास कराना।

4. लेखन कौशल के लिए-

- नियमित रूप से निबंध, पत्र, और रचनात्मक लेखन का अभ्यास।
- व्याकरण और वर्तनी की त्रुटियों पर ध्यान देना।

लेखन शिक्षण के उद्देश्य

लेखन शिक्षण के प्रमुख उद्देश्य निम्न हैं

- छात्र सोचने एवं निरीक्षण करने के उपरान्त भावों को क्रमबद्ध रूप में लिखकर व्यक्त कर सकेंगे।
- छात्र सुपाठ्य लेख लिख सकेंगे। शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिख सकेंगे।
- छात्र ध्वनि, ध्वनि-समूहों, शब्द, सूक्ति, मुहावरों का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। विराम-चिह्नों का यथोचित प्रयोग कर सकेंगे। अनुलेख, सुलेख तथा श्रुतलेख लिख सकेंगे। व्याकरण सम्मत भाषा का प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

लेखन शिक्षण के गुण

- लेखन शिक्षण के प्रमुख गुण निम्न हैं
- लेखन, सुन्दर, स्पष्ट एवं सुडौल हो
- उसमें प्रवाहशीलता एवं क्रमबद्धता हो
- विषय (शिक्षण) सामग्री उपयुक्त अनुच्छेदों में विभाजित हो